## ग्राम के सैनिकों का कथा स्थल पर हुआ सम्मान

# सैनिक सीमा पर हैं तो ही हम अपने देश में सुरक्षित हैंः दुर्गेश महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



विकासखंड अंतर्गत चमत्कारिक हनुमान मंदिर ग्राम उमरिया फदाली ,श्री सेवा दास महाराज की तपोभूमि में चल रही नवकुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा नवान्ह यज्ञ के सातवें दिवस कथा के अंतर्गत बिलासपुर छत्तीसगढ़ से पधारे धर्माचार्य पं. दुर्गेश महाराज के मुखारविंद से राम कथा में गुरुवार वार कोआगे की कथा में पंडित दुर्गेश महाराज द्वारा कथा में बताया कि भरत द्वारा विनय के बाद भी भगवान राम वन से नहीं लौटे भरत को पुनः वापस अयोध्या आना पड़ा वहां उन्होंने सन्यासी के रूप में भगवान राम के चरण पादुका रख के अयोध्या का राजपाट चलाया। भगवान राम वन मे आगे बढ़ते हैं रावण सीता माता का हरण करता है सीता माता के अपहरण से व्याकुल राम और लक्ष्मण दंडक वन में खोज रहे हैं तभी उनकी मुलाकात रावण के साथ युद्ध में घायल हुएजटायु से होती है जटायू भगवान को बताते हैं कि सीता का अपहरण रावण के द्वारा किया गया है देश के विभिन्न राज्यों में पदस्थ सैनिक जो उमरिया फदाली के रहने वाले हैं सैनिकों का सम्मान धर्माचार्य पंडित दुर्गेश महाराज द्वारा श्री राम वस्त्र प्रतीक चिन्ह पहनाकर सम्मान किया गया यह सभी अपनी नौकरी से अवकाश लेकर राम कथा सुनने एवं यज्ञ में भाग लेने उमरियाआये है कथा के दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7:00 बजे तक उमरिया फदाली चमत्कारिक हनुमान मंदिर में किया जा रहा है हनुमान मंदिर सेवा दास समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस पुनीत यज्ञ एवं कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## भाजपा नेता पहुंच रहे हैं गांव-गांव, बस्ती बस्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर सौसर विधानसभा क्षेत्र में गांव चलों बस्ती चलों अभियान अंतर्गत गांव-गांव पहुचकर हितग्राही मूलक योजना, लोगों की समस्याओं को सुनने का कार्य किया जा रहा है।

गांव चलों बस्ती चलों अभियान के तहत पूर्वराज्य मंत्री नाना मोहोड के नेतृत्व में नेताओ एवं कार्यकर्ताओं के दल ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं शासकीय माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण किया गया। षासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 9 वी एवं 11 वी के अंग्रेजी माध्यम में बच्चों के प्रवेष नही होने पर पूर्व मंत्री श्री मोहोड द्वारा प्राचार्य सहित स्टॉफ को जमकर लगाई। साथही अंग्रेजी माध्यम का व्यापक प्रचार-प्रसार करके विद्यार्थियों की संख्या बढाने के निर्देष दिये। वही षासकी माध्यमिक षाला में भी पहुचकर दर्ज संख्या, पाठयक्रम आदि के बारे में प्रकाष डाला। इस दौरान विद्यालय में पदस्थ एक षिक्षक की कार्यप्रणाली को लेकर भी पालकों द्वारा रोष व्यक्त किया गया। जिसका पंचनामा तैयार कर विभाग को भेजने के निर्देष दिये। अवसर पर जनपद सदस्य डॉ गुलाब पांडे, भाजपा नेता राजेन्द्र भक्ते, मोरेष्वर मर्सकोले, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, उपसरपंच संतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।

## जनकल्याण के लिए सार्वजनिक हित में प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं म प्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक संजय बामने के दिशा निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक हित में ( ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तन दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्थान कन्हान वनग्राम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मरकाढ़ाना द्वारा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष बुनेश राजबैठे के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मरकाढ़ाना में राहगीरों के लिए पीने के पानी व्यवस्था की गई। जिससे की आने जाने वालों को आसानी से जल मिल सके। प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर संजय कुमार बामने ने उपस्थित जनों को जल के बारे में बताया कि जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष बुनेश राजबैठे ने शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता आयुषी मालवीय, योगिता मर्सकोले ग्राम पंचायत सरपंच झामसिंग पंद्राम, उप-सरपंच सुनील यदुवंशी, सचिव रवि विश्वकर्मा,बालकिशन यदुवंशी, रामपाल यदुवंशी, सुभाष यदुवंशी, रविकांत उईके, दीपक पंद्राम, धनोति यदुवंशी, स्वाति उईके, संतोष यदुवंशी, राकेश यदुवंशी, रामचंद्र यदुवंशी, पवन पंद्राम, मनीराम यदुवंशी, आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## मोक्षधाम परिसर में सात दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा

**दमुआ।** मोक्षधाम के देव महादेव महाकालेश्वर धाम मंदिर मोक्षधाम परिसर दमुआ मं 4 मई से 10 मई तक सात दिवसीय श्री शिवमहापुराण कक्षा का भव्य आयोजन किया जा रहा है । मोक्षधाम समिति दमुआ के तत्वाधान में धार्मिक कार्याक्रम आयोजन होना है। सात दिवासीय श्री शिवमहापुराण कक्षा के संगीतमय कार्यक्रम के कथा वाचक श्री रमांकांत शास्त्री जी नर्मदा परिक्रमा वासी श्री दादाजी के गुरूकृपा पात्र शिवम एवं श्री पंडित निशांत कृष्णा जी महाराज दमुआ के सानिध्य में अमृतवाणी के मुखारबिंद से कथा का रसपान कराया जावेगा सात दिवासीय श्री शिव महापुराण कक्षा के भव्य आयोन में मोक्षधाम सामिति दमुआ ने आयोजित धार्मिक क्रार्यक्रम में समस्त भक्तजनों नागरिक बन्धुओ सहित सभीा से आग्रह करते हुये अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पूर्णलाभ अर्जित करने का आहवान किया है श्री शिवमहापुराण कथा के सात दिवासीय कार्यक्रमकी तैयारियां चल रही है।

## भाजपा ने भी नगर ग्रामीण क्षेत्रों में किये कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भाजपा के द्वारा वार्ड क्रमांक 13 बूथ क्रमांक 167 में बाबा साहब आबेड़कर की जन्म जयंती का समारोह जिला पंचायत सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड के मुख्य उपस्थिति मे किया गया। वार्ड के लोग भारी संख्या में मौजूद थे,सौसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, ने बताया कि भाजपा संगठन के द्वारा बड़े पैमाने पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में संविधान निर्माता का जन्म दिवस मनाया गया है,इस दौरान हरीश बत्रा इंद्रचन्द डागा, मोरेश्वर मसकोले इंदर सिंह नागेंद्र,वार्ड पार्षद रविशंकर धुर्वे कार्यक्रम बुथ प्रभारी अधिवक्ता दिनेश भकने, सूर्यकांत ढोके पप्पी सेलुकर नरेंद्र कुकड़े रामकृष्ण रावत युवराज बेडे बापू ठाकरे आदि थे।

## ग्राम बेरडी में हुआ भीमगीत प्रबोधन कार्यक्रम



**बेरडी।** भारतीय संविधान के शिल्पकार डा बाबासाहेब आंबेडकर का जन्मदिवस ग्राम बेरड़ी में प्रबोधन भीम गीत आदि आयोजनों के साथ मनाया गया,डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल बेरडी द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉ बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण अभिवादन एवं त्रिशरण पंचशील के साथ में जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मोरेश्वर मर्सकोले, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य आनंद दुफारे, परसराम राणे,लक्ष्मीदास बोरकर, विवेक गायकवाड, प्रशांत गायकवाड, कमलाकर बसोड़ के अलावा बड़ी संख्या में समाज बंधु और ग्रामवासी उपस्थित थे,आयोजन को संबोधित करते हुए आनंद दुफारे ने कहा कि संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर ने इस देश के करोड़ों लोगों महिलाओं को मान सम्मान के साथ में जीने का अधिकार दिलाया है, तथागत बुद्ध ने करुणा मैत्री शांति का अमर संदेश दिया है बाबा साहब की जयंती पर हम सभी ने तथागत बुद्ध और डॉ बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।

# रबी सीजन में धान के अलावा अन्य फसलें लगा रहे हैं किसान

### कृषि विस्तार अधिकारी ने किया कोचेवाही का भ्रमण

वारासिवनी। रबी की फसल धान में इस वर्ष सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से अब कृषकों द्वारा रबी की अन्य फसल लगाने की ओर ध्यान देने की बात कही जा रही हैं। जिसके लिए कृषि विभाग के अधिकारी भी किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। वर्तमान में जनपद पंचायत वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम कोचेवाही में कुछ कृषकों द्वारा मक्का की फसल भी लगाई गई हैं। जिसके निरीक्षण के लिए कृषि विस्तार अधिकारी डी के खंडेलकर ने ग्राम कोचेवाही का दौरा किया गया और कृषक बंधुओं के साथ फसलों का निरीक्षण किया।

### मक्का की फसल का किया निरीक्षण

श्री खंडेलकर ने ग्राम कोचेवाही में कृषक राम दयाल परिहार के खेत में जाकर रबी में लगी हुई मक्का की फसल का निरीक्षण किया गया। खेत में लगी हुई मक्का की फसल बहुत ही अच्छी स्थिति में पाई गई। वहीं कृषक श्री परिहार ने फसल को लेकर अपनी संतुष्टि जाहिर की और आने वाले वर्ष में मक्का की फसल लगभग 5 एकड़ भूमि में लगाने की बात कही। कृषकों ने जानकारी देते हुए बताया कि धान की फसल से नुकसान ज्यादा होता हैं, जिससे किसान की माली हालत ठीक नहीं रहती है।



### सब्जी, भाजी, आम जैसी फसल भी लगाई हैं किसान ने

कृषक रामदयाल परिहार ने अपने खेत में छोटे-छोटे रकबे में विभिन्न प्रकार की फसल लगाई हैं, जिसमें मक्का, सब्जी, भाजी, विभिन्न प्रकार के आम के वृक्ष जैसे चौसा, लंगड़ा, तोता परी, दसहरी इत्यादि लगाए गए हैं। जिनकी स्थिति बहुत अच्छी हैं।

### ट्यूबवेल, कुॅये, तालाब व नदियो में नहीं हैं पानी

कृषक श्री परिहार ने बताया कि रबी में धान लगाने से पानी की बहुत ज्यादा समस्या होती हैं। जिससे वॉटर लेवल नीचे जाने के कारण धान की फसल को पानी नहीं मिल पाता हैं, ट्यूबवेल की स्थिति खराब हैं, कुएं सूख रहे है, तालाबों में पानी का अभाव है, नदिया दम तोड़ रही हैं, ऐसे से कैसे धान की फसल संभव हो सकती हैं? कृषकों ने कहा कि आने वाले वर्ष में रबी धान की जगह कुछ अन्य फसले लगाने का प्रयास किया जाएगा। जैसे तिल, मूंग, उड़द, मिलेट्स के रूप में रागी इत्यादि फसल जो कम पानी चाहने वाली हो, कम लागत हो, आमदनी अच्छी हो, ऐसी फसलों का चुनाव कर रबी में लगाने हेतु कृषक बन्धुओ से अपील की गई है।

### कम पानी वाली फसल लगायेगे अगले वर्ष किसान

ग्राम के उन्नत कृषक स्थाई पटेल नेकनारायण बिसेन, ग्राम के उपसरपंच गौरीशंकर ठाकरे, उन्नत कृषक सुधीर बिसेन, पीतमलाल राहंगडाले, महेश वासनिक, गिरधारी कावरे, मानकलाल परिहार, उत्तम ठाकरे आदि कृषकों ने अपनी सहमति जाहिर करते हुए रबी सीजन में धान के बदले कम पानी चाहने वाली फसलों का चुनाव करने हेतु सहमति दी।

## डॉ. देशमुख कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म के अधिष्ठाता बने



**वारासिवनी।** कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म वारासिवनी में सहप्राध्यापक डॉ. घनश्याम देशमुख को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु के आदेश अनुसार कृषि महाविद्यालय मुरझड फॉर्म वारासिवनी का अधिष्ठाता बनाया गया है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ दीपक नामदेव ने बताया कि डॉ देशमुख ने आज 16 अप्रैल 2025 को कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा डॉ देशमुख को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉ देशमुख ने कहा कि उनका मुय उद्देश्य जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रम, शोध एवं किसानों के हित के कार्यों को प्रमुखता से करना रहेगा। महाविद्यालय का अधिष्ठाता बनने पर डॉ देशमुख को कृषि महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों डॉ पूजा गोस्वामी, डॉ प्रतिभा बिसेन, डॉ श्रद्धा करचू, डॉ राजू पांसे, डॉ सुनील रजक, डॉ धनंजय कटहल, डॉ दीपक नामदेव तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

## राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन



### 122 गाईड/स्काऊट ने लिया भाग

**वारासिवनी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश के तत्वावधान में संभागीय मुयालय भोपाल द्वारा राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन जिला प्रशिक्षण केंद्र वारासिवनी बालाघाट में किया गया। जिसमें जबलपुर संभाग के 58 स्काउट्स एवं 64 गाइड्स कुल 122 स्काउट/गाइड ने भाग लिया। शिविर में स्काउट कैंप का संचालन ललित कुमार मिश्रा सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट जबलपुर संभाग ने किया। जिनका सहयोग नरेंद्र शर्मा छिंदवाड़ा, इनेंद्र डहरवाल बालाघाट, डोली राम भगत जिला प्रशिक्षण आयुक्त बालाघाट एएलटी ने किया। गाइड कैंप का संचालन सुश्री सायरा बानो सहायक लीडर ट्रेनर गाइड द्वारा किया गया। शिविर का प्रारभ बी के चौधरी कोषाध्यक्ष एवं समापन विवेक विक्की पटेल विधायक वारासिवनी के आतिथ्य में हुआ।



## सुरेन्द्र खंडेलवाल नहीं रहे



**वारासिवनी।** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी सुरेन्द्र खंडेलवाल 59 वर्ष का बुधवार की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे उपचार के दौरान टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई में स्वर्गवास हो गया। उनके आकस्मिक निधन से उनके परिजन व दोस्तों में दुख की लहर व्याप्त हो गई है। विदित हो कि अपने मधुर व मिलनसार व्यवहार के लिए प्रसिद्ध स्वर्गीय सुरेन्द्र खंडेलवाल को पिछले माह हल्का हार्ट अटैक आया। जिसके बाद वह उपचार के लिए नागपूर गए थे। जहॉ पर उपचार के दौरान उन्हें कैंसर होने का पता चला। जिस पर वह उपचार के लिए मुंबई के टाटा मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती हुए थे। जहॉ पर उनका उपचार चल रहा था। बताया जाता हैं कि इसी बीच उन्हें एक बार और हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उनकी स्थिति नाजुक हो गई थी। उसके बावजूद भी चिकित्सकों द्वारा उनका लगातार उपचार किया जा रहा था। इस उपचार के दौरान उनकी पत्नि, पुत्र व पुत्री उनके साथ बने रहे। लेकिन लगातार उपचार के बाद भी चिकित्सक उन्हें बचाने में असफल रहे और उन्होंने बुधवार 16 अप्रैल की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे अपनी अंतिम सॉस लेते हुए ब्रहलीन हो गए। स्वर्गीय खंडेलवाल अपने पीछे अपनी पत्नि, पुत्र/पुत्री व बड़े भाईयों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।गुरुवार की सुबह स्वर्गीय खंडेलवाल का पार्थिव शरीर वारासिवनी लाया गया। उसके बाद सुबह करीब 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा उनके गृह निवास गुरुनानक मंदिर के पीछे से निकाली गई। जो स्थानीय मोक्षधाम में पहुॅची। जहॉ पर उनके पुत्र ने सैकड़ों लोगों की उपस्थित में स्वर्गीय खंडेलवाल के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी और उनका शरीर देखते ही देखते पंचतत्व में विलीन हो गया। इस मौके पर आयोजित शोक सभा में विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल, जिला पंचायत पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धांजली अर्पित की। वहीं मोक्षधाम में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली देते हुए उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### 18 एवं 19 अप्रैल को भी होगा, उपार्जन स्लॉट बुकिंग कर किसान करा सकेंगे उपार्जन कार्य

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल का पत्र क्रमांक FCS/3/0003/2025-5ec-1-29 (FCS) भोपाल, के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु सभी पंजीकृत किसानो से अपील है कि दिनांक 18.04.2025 एवं 19.04.2025 को उपार्जन कार्य का अवकाश नहीं है अतः किसान उक्त दिवस में अपना स्लॉट बुक कर सकते है, एवं अपनी फसल विक्रय कर सकते है। सभी किसान अपनी फसल, जिले के कसी भी उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुक करके विक्रय कर सकतें।

### जलापूर्ति सम्बन्धी समस्या एवं मांग के लिए नागरिक कंट्रोल रूम में कर सकते है संपर्क

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगरीय क्षेत्र में पेयजलापूर्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा टेंकर एवं अन्य माध्यम से व्यवस्था बनाई जा रही है। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया हैं। आम नागरिक गण कंट्रोल रूम के नम्बर 076922 25866 में संपर्क कर पानी से सम्बंधित शिकायत और मांग कर सकते है। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित राहत पहुंचाई जायेगी।

### जिला स्तरीय रोजगार मेले में 104 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कति जैन के निर्देशन में जिला प्रशासन , जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आई टी आई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार 16 अप्रैल 2025 को रामरमन प्राईवेट आई टी आई सिवनी जिला सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 07 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 161 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 104 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

### जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर आयोजित हो री विविध गतिविधियां

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 30 जून 2025 चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान३ के अंतर्गत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विविध गतिविधियां संचालित हैं। इसी कड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खंड सिवनी द्वारा ग्रामों में नलजल योजना के स्त्रोतों की जियो टैगिंग कार्य करते हुए टूटी-फूटी एवं लीकेज पाईप लाइनों का मरम्मत कार्य किया गया एवं स्थानीय जनों को नदी, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों तथा जल की उपयोगिता महत्वता से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

# अतिक्रमण व उपेक्षा का शिकार हुआ सिंघोडी का प्रकृति जलकुंड

**चमत्कारिक सिद्ध जल स्थल एवं शिवधाम जो की ग्राम पंचायत जैतपुर खुर्द अंतर्गत ग्राम सिंघोड़ी, जिला मुख्यालय सिवनी से 25 किलोमीटर की दूरी में यह गांव स्थित है। सिवनी से अमरवाड़ा रोड में स्थित यह गांव अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस गांव में एक शिव मंदिर स्थापित है। इसका निर्माण सन 1917 से 1920 के दशक में इसका निर्माण हुआ था। इस मंदिर में पूरा शिव परिवार विराजमान है। शासन-प्रशासन नही दे रहा ध्यान - इसी शिवालय के पास 30 फिट की दूरी पर दो जल के अति सुन्दर जलकुण्ड का निर्माण हुआ। जो प्राकृतिक रूप से प्राप्त है। इन कुंडो में 12 माह जल पर्याप्त रहता है। इस मंदिर के आसपास लगभग एक हेक्टेयर भूमि मंदिर को समर्पित है। परन्तु इस मंदिर का दुर्भाग्य यह है की, 100 वर्ष बाद भी शासन का कोई ध्यान नहीं गया। पंचायत को मंदिर तक सीमेंट कांक्रीट रोड बनाने के लिए बोला जाता है तो पंचायत, सरकार एवं सरकारी नियमों का हवाला देती है की मंदिर के लिए शासन में कोई व्यवस्था नहीं है। बढ़ रहा अतिक्रमण - दूसरी तरफ मंदिर की भूमि में कुछ लोगो के द्वारा मनमाने ढंग से अतिक्रमण कर मंदिर भूमि को अपने अधिग्रहण में कर लिया है। जिसमे लोग अपने शौचालय एवं दूषित जल को मंदिर परिसर से छोड़ रहे है। साथ हीं दिव्य पेय कुंड जो की पुरातन काल से शिवालय के साथ मौजूद है। उन कुंडो में लोग सारी गंदगी धो रहे है। ऐसे में सवाल यह उठता है की ऐसे दिव्य स्थलों में ऐसे प्राकृतिक जगहों पर शासन का ध्यान कहाँ है? ऐसे स्थलों की शासन जांच कराये तथा शिव मंदिर परिसर क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को शासन तत्काल हटवाए। यहाँ भव्य मकर संक्रांति का मेला लगता था लेकिन अतिक्रमणकारियो ने मेला की जगह पर अपनी भूमि कहते हुए अधिग्रहण कर ली और शिव मंदिर से लगी भूमि को अपने कब्जे में ले लिया। इसी मंदिर में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन का भी आगमन हुआ था और विधायक के द्वारा मंदिर परिसर एवं दिव्य कुंड को देखते हुए कुछ राशि मंदिर परिसर के सौन्दर्यकरण के लिए स्वीकृत की गई थी लेकिन अभी तक ऐसा कुछ परिवर्तन नहीं हुआ। एक तरफ पूरा गांव-शहर पानी के लिए त्राहि -त्राहि हो रहा है वही जहाँ प्रयाप्त जल प्रकृति के द्वारा दिया गया वहां लोग अतिक्रमण कर रहे है।

# जल संकट के बीच बबरिया तालाब में लगी मोटर SDM मेघा शर्मा ने की कार्रवाई, मोटर हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिले में जल संकट की विकट स्थिति के चलते प्रशासन द्वारा लगातार कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी, मेघा शर्मा के निर्देशन में बबरिया तालाब से अवैध रूप से पानी लेकर फसलों की सिंचाई कर रहे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई उन लोगों के विरुद्ध थी, जो प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना करते हुए सार्वजनिक जल संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे थे।

### कलेक्टर संस्कृति जैन द्वारा जल संरक्षण हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश

जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी संस्कृति जैन ने जिले में व्याप्त भीषण जल संकट के मद्देनज़र नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रत्येक जल स्त्रोत की सुरक्षा एवं उचित उपयोग हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इस आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति अनुमति के बिना सार्वजनिक जलस्त्रोतों जैसे तालाबों, नहरों, या जलाशयों से सिंचाई या अन्य निजी उपयोग हेतु पानी नहीं ले सकता। उक्त आदेश के बावजूद हेमराज बघेल, हेमकरण सनोड़िया एवं रक्षित विश्वकर्मा नामक व्यक्तियों द्वारा बबरिया तालाब में मोटर पंप लगाकर अवैध रूप से पानी निकालकर खेतों की सिंचाई की जा रही थी। यह कार्यवाही स्थानीय प्रशासन की विशेष टीम द्वारा स्थल पर जाकर तत्काल मोटर पंप जप्त कर की गई।

### सख्ती के साथ जनजागरूकता अभियान भी जरूरी

प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ, जनजागरूकता अभियान भी अनिवार्य है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संदेश जाए कि पानी की हर बूंद अमूल्य है। स्कूलों, पंचायतों और सामुदायिक केंद्रों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति शिक्षा और समझ विकसित करना आवश्यक है।

# नपा अध्यक्ष शफीक खान एवं पर्षाद चंदनसिंह खताबिया को नोटिस, जिला कांग्रेस कमेटी तीन दिन मे मांगा स्पष्टीकरण




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष श्री शफीक खान, जलकर्म सभापति चंदनसिंह खताबिया द्वारा विगत दिनों जल संकट को लेकर भाजपा विधायक की झूठी तारीफ का सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होन पर कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जबकि यह सिद्ध हो चुका है कि बालाघाट सांसद एवं सिवनी विधायक के कहने पर मार्च के अंतिम सप्ताह में भीमगढ़ बांध से 1000 क्यूसेक पानी बालाघाट को दिये जाने से यह अभुतपूर्व जल संकट निर्मित हुआ है। शफीक खान एवं चंदनसिंह खताबिया को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 3 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने हेतु नोटिस जारी कर, इस मामले को जिला कांग्रेस की अनुशासन समिति को सौंप दिया गया है।

# पैसों के लालच में संदीप ने किया दो बार शादी

## पहला विवाह 11 मार्च को सामाजिक रीति रिवाज से दूसरा 12 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



आवेदक राशिद खान के द्वारा द्वारा आज शिकायत दर्ज करते हुये बताया कि इन्दावाड़ी में संदीप चंद्रवंशी के द्वारा 11 मार्च को सामाजिक रीति रिवाज से विवाह करने के बाद शासकीय योजना का फायदा लेने हेतु 12 अप्रैल को बालाघाट के परसवाड़ा में कन्यादान विवाह योजना के तहत विवाह किया गया। जिसकी शिकायत आज पुलिस अधीक्षक को की गई। शिकायत में कहा गया कि इस मामले की स्पष्ट रूप से जांच की जाए और शासकीय योजना का दुरुपयोग करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए साथ ही साथ सचिव की भूमिका पर भी प्रश्न खड़े करते हुए बताया कि कन्या विवाह योजना का रजिस्ट्रेशन ग्राम सचिव के द्वारा किया जाता है विवाह होने के पूर्व इसकी पूरी जांच करने के बाद यह आवेदन प्रस्तुत होता है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर सचिव ने जांच की तो कैसी की और जांच नहीं की तो क्यों नहीं की।

# नरवाई जलाने पर सात व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कृषि विभाग द्वारा जिले में नरवाई जलाने को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी होने के उपरांत भी खेत की नरवाई जलाना पाया जाने पर ग्राम बींझावाड़ा के 07 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।जिसमें शिवकुमार बघेल, दिलिप बघेल, नितिन बघेल, शेरसिंह बघेल, ओंम बघेल, दिपक बघेल तथा दिलेर सिंह बघेल पर एफआईआर दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि नरवाई जलाने से आगजनी की घटनाओं तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी के आदेश क्रमांक 1990/ एचडब्लू /2025 दिनांक 17 मार्च 2025 के माध्यम से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गए हैं। आदेश का उल्लंघन पाया जाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 अंतर्गत दण्ड का प्रावधान किया गया है।

# आई.टी.आई. के विद्यार्थियों का प्रेरक शैक्षणिक भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ।खेलो बढ़ो अभियान योजना' के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छपारा के छात्र-छात्राओं ने जिला कार्यालय एवं मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम, सिवनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खेलों में करियर निर्माण की संभावनाओं, प्रशिक्षण सुविधाओं और विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मविकास, अनुशासन और नेतृत्व निर्माण का सशक्त साधन है।

# 30 अप्रैल तक ई-केवायसी न कराने पर खाद्यान्न आवंटन से होना पड़ेगा वंचित

### मेरा ई-केवायसी एप अथवा खाद्यान्न दुकानों में कराई जा सकती है ई-केवायसी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक एनएफएसए अन्तर्गत पंजीकृत 173463 शेष हितग्राहियों की शतप्रतिशत ई-केवायसी किया जाना हैं। इस हेतु जिले में निरन्तर प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थापित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के पी.ओएस. मशीन के माध्यम से किया जा रहा है इसके अतिरिक्त जिन हितग्राहियों के फिंगर मशीन में नहीं आ रहे हैं या बच्चो का ई-केवायसी नहीं हो पा रहा है, इस हेतु शासन के द्वारा राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों के लिये ३मेरा ई-केवायसी३ मोबाईल एप्प के माध्यम से कोई भी हितग्राही अपना एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का एक ही एंडरॉईड मोबाईल से फेस ई-केवायसी के माध्यम से किया जा सकता है इसके मोबाईल एप से ई-केवायसी करनें की जानकारी/निर्देश उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, ग्राम पंचायत के सचिव से प्राप्त की जा सकती हैं। राशन प्राप्त कर रहे सभी ई-केवायसी हेतु शेष हितग्राहियों से अपील हैं कि वे अपने निकटतम उचित मूल्य दुकान या ३मेरा ई-केवायसी३ मोबाईल एप्प के माध्यम से ई-केवायसी दिनांक 30/04/2025 तक अनिवार्यतः करा लें अन्यथा दिनांक 30/04/2025 के पश्चात ई-केवायसी से शेष रहे हितग्राही माह मई-2025 से खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित होंगें।

# केवलारीः जल संकट से निजात पाने के लिए प्रशासन हुआ सक्रिय

**केवलारी-** बैनगंगा नदी के लगातार जल भराव क्षेत्र के सुखने से आने वाले समय पर नगर ओर आसपास जल संकट का आना स्पष्ट दिखाई दे रहा है। लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के परिपेक्ष्य पर महेश अग्रवाल एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार नितिन चौधरी ने इंटेक बेल का दौरा कर वैनगंगा नदी में जलभराव क्षेत्र को देखा समझा और चल रही आसपास की मोटरों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। सिवनी के बाद केवलारी- नगर मे संचालित नलजल योजना की सप्लाई बिनैकी इंटेकवेल से है लगातार जल अवशोषित होने से जल का स्टॉक सीमित दायरे पर शेष होने पर जागरुक नागरिको के द्वारा प्रशासन को अगाह किया जा रहा है।आज नगर परिषद ,राजस्व के कर्मचारीयो एवं पत्रकारो ने इंटक बेल का दौरा कर वास्तविकता को देखा ।इस मौके पर शाक्ति शुक्ला पटवारी, सुग्रीव सिंह हल्का पटवारी, मंयक बघेल नगर परिषद, रमाशंकर महोबिया, प्रवीण दुबे, पवन यादव पत्रकार सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये शिक्षक ओझेलाल कुमरे एवं महफूज अंसारी के विरूद्ध सहायक आयुक्त ने की अनुशासनात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शिकायतकर्ता श्री शिवराम यादव, निवासी ग्राम अखदेवा, ब्लॉक गोरमी, जिला भिण्ड द्वारा सी.एम. हेल्पलाईन शिकायत क्रमांक 29881478 दिनांक 23.11.2024 की जांच हेतु विकासखण्ड अधिकारी छपारा द्वारा एकी. माध्य. शाला करेली, वि.ख. छपारा का औचक निरीक्षण कर जांच की गई। विकासखण्ड अधिकारी छपारा के औचक निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 11 अप्रैल 25 के अनुसार दिनांक 11 अप्रैल 2025 को दोपहर 1:30 बजे एकी. माध्य. शाला करेली संकुल केन्द्र केकडा का औचक निरीक्षण प्राचार्य, शास.उ.मा.वि.केकडा, बी.ए.सी. छपारा, जनशिक्षक केकडा एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान केवल 05 छात्र उपस्थित पाये गये इसके अतिरिक्त श्री ओझेलाल कुमरे, प्राथ. शिक्षक एवं श्री महफूज अंसारी, प्राथ. शिक्षक संस्था में अनुपस्थित पाये गये। संस्था में कार्यरत 02 अतिथि शिक्षकों में से श्रीमती नीतू चौकसे अनुपस्थित तथा श्रीमती तृष्णा साहू दिनांक 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक बिना पूर्व सूचना के संस्था में अनुपस्थित पाई गई है। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि शिक्षक समय पर संस्था में नहीं आते है एवं बिना अवकाश के संस्था से अनुपस्थित रहते है। शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक दिवस की जलसंवर्धन, ज्वायफुल लर्निंग एवं उल्लास नवभारत साक्षरता का सर्वेक्षण आज दिनांक तक संबंधित शिक्षकों द्वारा नहीं किया गया है। बच्चों को निरीक्षण दिनांक को मध्यान्ह भोजन भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। औचक निरीक्षण से प्राप्त तथ्य अनुसार शिक्षक नियमित समय पर संस्था में उपस्थित नहीं होते है एवं समय से पूर्व संस्था से चले जाते है। अतः विकासखण्ड अधिकारी छपारा के निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 11.04.2025 के आधार पर श्री महफूज अंसारी, प्राथमिक शिक्षक एवं श्री ओझेलाल कुमरे, प्राथमिक शिक्षक, एकी. माध्य. शाला करेली वि.ख. छपारा का माह अप्रैल 2025 का अवैतनिक किये जाने तथा श्रीमती नीतू चौकसे अतिथि शिक्षक का एक दिवस का मानदेय एवं श्रीमती तृष्णा साहू, अतिथि शिक्षक का 03 दिवस का मानदेय अवैतनिक किये जाने की कार्यवाही की गई है।

# शहर का जलसंकटः मठ मंदिर का बोरवेल बना जीवनदायिनी आशा की किरण, क्षेत्रवासियों के लिए भरपूर पानी की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**मध्यप्रदेश का एक महत्वपूर्ण जिला, इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रहा है। ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ ही जिले में पेयजल की समस्या गहराने लगी है, और कई ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। इसी संकट के समय मठ मंदिर समिति, सिवनी ने मानवता और सेवा का एक प्रेरणादायक कार्य करते हुए सिद्धपीठ के बोरवेल को आमजन के लिए खोल दिया है। मठ मंदिर समिति ने यह ऐलान किया है कि मंदिर परिसर में स्थित गहरे बोरवेल से हर जरूरतमंद नागरिक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पानी प्राप्त कर सकता है। इस बोरवेल से न केवल मंदिर परिसर की आवश्यकता पूरी होती थी, बल्कि अब यह हजारों नागरिकों के लिए भी एक पेयजल स्रोत बन गया है। यह निर्णय विशेष रूप से उस समय आया है जब जिले के कई इलाकों में सरकारी नल जल योजनाएं ठप पड़ी हैं, हैंडपंप सूख चुके हैं और टैंकरों पर निर्भरता बढ़ गई है।

### मानव सेवा की प्रेरणा बनी

मठ मंदिर समिति मठ मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण तिवारी ने बताया, "हमारे लिए धर्म का अर्थ सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद की सहायता करना ही सच्ची पूजा है। जल संकट की इस घड़ी में हम जिलेवासियों के साथ हैं और हमारा बोरवेल हर किसी के लिए खुला रहेगा।" समिति द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बोरवेल से पानी भरते समय किसी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ न हो, इसके लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात की गई है। एक ओर धार्मिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं, वहीं प्रशासन और स्थानीय निकायों को भी चाहिए कि वे इस कार्य से प्रेरणा लें। केवल योजनाओं की घोषणा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीन पर काम करना जरूरी है।

# प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुई भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अभियान प्रभारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के नेतृत्व में सिवनी जिले से पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक दुबे, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में अभियान जिला प्रभारी आशीषमाना ठाकुर एवं वफ्फ बिल सुधार जनजागरण अभियान प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में जिला प्रभारी युवराज सिंह राहंगडाले शामिल हुये । इस कार्यशाला में समस्त जिलाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अभियान प्रभारी आपेक्षित थे । बुधवार को भोपाल में आयोजित कार्यशाला में वक्फ बिल सुधार जनजागरण अभियान को लेकर एवँ संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के संदर्भ में अयोजित प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में वक्फ संशोधन कानून से मुस्लिम समाज को होने वाले लाभ और कानून के बदलाव का उद्देश्य से संबंधित जागरूकता अभियान एवं बाबा साहेब के सम्मान में भाजपा द्वारा किये गये कार्यो को और बाबा का देश के लिये योगदान से संबंधी जागरण अभियान भाजपा पूरे प्रदेश में चलेगी । इन अभियानों को लेकर जनता के बीच जाने पर किन बात का उल्लेख आवश्यक है उसके संबंध में यह कार्यशाला आयोजित की गयी थी । इस कार्याशाला को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम , प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ,प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य एवं अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव,प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक,भगवानदास सबनानी व मंत्री गण, सांसद गण,विधायक गण,अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे ।



## सीएम राइज विद्यालय में निर्धारित सीटों के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि 28 अप्रैल

# निर्धारित सीट के बाद बाकी छात्र छात्राओं के लिए प्रवेश कहां मिलेगा

**केवलारी- सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मे वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश की शुरुआत दिनांक 17 अप्रैल 2025 से हो गई जिसकी अंतिम तिथि 28 अप्रैल के शाम 4:30 बजे तक निर्धारित की गई है।**



मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा विकास खंड स्तर पर केंद्रीयकृत शिक्षण प्रणाली की परिकल्पना पर सीएम राइज विद्यालयों की स्थापना की गई है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय केवलारी को सीएम राइज विद्यालय का दर्जा देकर के चालू किया गया। प्रदेश में एक साथ 274 सीएम राइज विद्यालयों की प्रारंभिक शुरुआत हुई है सीबीएसई पैटर्न पर लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परिकल्पना का यह चौथा वर्ष है। नवीन प्रवेश नीति में वर्तमान सत्र के लिए कक्षा अरुण (केजी-1) में रिक्त सीट 75 है,उदय (केजी-2) में सीट 75 है संस्थागत 37 है जिसमें 38 को प्रवेश किया जाना है, कक्षा थर्ड इंग्लिश माध्यम 30 सीट है जिसमें 29 संस्थागत है मात्र एक सीट रिक्त है ,फोर्थ हिंदी माध्यम कुल सीट 30 संस्थागत 23 है जिसमें 7 सीटों को प्रवेश दिया जाना है, फोर्थ इंग्लिश माध्यम कल ल सीट की संस्थागत 22 है रिक्त फोर्थ हिंदी कुल सीट फीस पूर्व से 23 है जिसमें 7 सीटों को प्रवेश किया जाना है, फोर्थ इंग्लिश माध्यम कुल सीट 30 संस्थागत 22 है रिक 8 है,फिफ्थ इंग्लिश माध्यम कुल 30 सीट है,संस्थागत 25 है रिक्त 5है, कक्षा 6th इंग्लिश माध्यम कुल 35 संस्थागत 24 रिक्त 11 है, कक्षा 7 इंग्लिश माध्यम कुल 35 संस्थागत 32 रिक्त 3 सीट है । केजी 1से सातवीं तक सीएम राइज विद्यालय मे कुल 340 सीट है जिसमें 192 पहले से अध्ययनरत है मात्र 148 को प्रवेश दिये जाने का लक्ष्य है ।सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश के लिए जो मापदंड रखे है उनके अनुसार प्रारंभिक कक्षा मे प्रवेश के लिए 1 किलोमीटर की पारिधि है।बर्ष 2024–25 मे दर्ज संख्या 1634 थी ।निर्धारित कोटा का 100 प्रतिशत वर्तमान में 148 सीट मात्र केजी 1से लेकर 12 वीं तक खाली है ।ओर क्षेत्र से प्रतिबर्ष कक्षाओ मे प्रवेश के लिए 500 के लगभग प्रवेश फार्म जमा होने की संभावना है। ऐसी परिस्थिति मे बच्चे पढ़ने कहाँ जायेगे।।

### इनका कहना है

शासन द्वारा निर्धारण सीट अभी भरी जायेगी फार्म लेने के अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2025 है ,29 अप्रैल को लाटरी सिस्टम से सीट भरी जायेगी, ओर इसके बाद अधिकारियों के जो निर्देश मिलेंगे उसके अनुसार आगे कार्य किया जायेगा । नवीन भवन के अनुसार 1635 ही बच्चों का प्रवेश का मापदंड निर्धारित है।

अशोक अवस्थी ,उपप्राचार्य सीएम राइज विद्यालय केवलारी

## नवागत थाना प्रभारियों का किया स्वागत, प्रभारी वास्कले को दी विदाई

# स्वप्निल दास नवागत कोतवाली थाना टीआई तो दीवान को रामपायली का प्रभार



हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

डेढ़ वर्षो तक कोतवाली थाना बालाघाट में सेवाएं देने के बाद थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने नवागत थाना प्रभारी स्वप्निल दास को प्रभार सौंप दिया है। कोतवाली थाने में 17 अप्रैल को नवागत टीआई स्वप्निल दास का स्वागत एवं वास्कले को भावभीनी बिदाई दी गई। साथ ही पंकज दीवान रामपायली थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ हुये है उनका भी स्वागत-सत्कार किया गया।

### वास्कले ने ग्रामीण एवं कोतवाली थाने में दी सेवाएं

थाना प्रभारी रहे प्रकाश वास्कले का स्थानांतरण इंदौर ग्रामीण थाने में हो गया है, उनका कोतवाली थाना प्रभारी के तौर पर कार्यकाल बेहतर रहा है। अक्टूबर 2022 माह में उन्हें ग्रामीण थाना नवेगांव में पदस्थापना दी गई थी वहां उनके बेहतरीन कार्य को लेकर कोतवाली थाने में प्रभारी के तौर पर पोस्टिंग हुई थी। लगभग 2 वर्षो तक दी गई उनकी सेवाओं में बड़े अपराधों पर अंकुश लगाने तथा छोटी-बड़ी चोरियों का खुलासा करने में भूमिका निभाई गई। सितंबर माह 2023 में उन्होंने कोतवाली थाने में चार्ज संभाला था जिसके बाद से अपराधियों के प्रति सख्त रवैया और उम्दा कार्यशैली की वजह से वे खासे पहचाने जाते रहे है। उनके कार्यकाल में बड़े अपराधों पर नियंत्रण रहा जबकि चोरियों के मामले जो शहर में हुये उनपर भी लगाम लगाते हुए अपराधियों की धरपकड़ के लिये काफी मेहनत की गई। सायबर अपराधों को लेकर उन्होंने निरंतर अभियान चलाया और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जिससे कि सायबर ठगी को लेकर नागरिक सचेत बने रहे।

### 9 वर्ष लोकायुक्त में सेवाएं दे चुके है नवागत टीआई दास

ज्ञात हो कि नवागत थाना प्रभारी स्वप्निल दास ऊर्जावान पुलिस अधिकारी है, उन्होंने अनूपपुर, बैतूल और लोकायुक्त में सेवाएं दी है। 9 वर्षो तक लोकायुक्त में रहते हुए उन्होंने कई बड़े मामलों का खुलासा करते हुए अपराधों पर नियंत्रण का प्रयास किया है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि बालाघाट शहर की भौगोलिक स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही कामकाज को व्यवस्थित तरीके से किया जायेगा, आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों तथा बदमाशों पर कड़ी निगरानी बरती जायेगी। चोरियों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता होगी। साथ ही महिला संबंधी अपराध, साईबर क्राईम की रोकथाम की दिशा में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना स्टाफ के साथ मिलकर कार्य करने का प्रयास होगा।



### कोतवाली थाना स्टाफ ने किया स्वागत, भावभीनी बिदाई दी

श्री वास्कले का स्थानांतरण होने के उपरांत वे नवागत टीआई को चार्ज देने के लिये ठहरे हुये थे। 17 अप्रैल को आधिकारिक रूप से उन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी के तौर पर नवागत स्वप्निल दास को प्रभार सौंप दिया है। इसके पूर्व थाना कोतवाली स्टाफ ने प्रकाश वास्कले का फूलमाला एवं पुष्पगुच्छ से सम्मान कर भावभीनी बिदाई दी गई तथा नवागत थाना प्रभारी स्वप्निल दास एवं रामपायली थाना प्रभारी के तौर पर पहली बार बालाघाट जिले में सेवाएं देने के लिये पहुंचे पंकज दीवान का स्वागत करते हुए उनका स्वागत किया गया।

### पुलिस मुख्यालय में नवागत थाना प्रभारी दीवान ने दी सेवाएं

उसी प्रकार रामपायली थाना प्रभारी के तौर पर बालाघाट जिले में पहली बार सेवाएं देने पहुंचे नवागत थाना प्रभारी पंकज दीवान जिन्होंने ग्वालियर, रायसेन, सिहोर, अलीराजपुर में सेवाएं दी है। इन जगहों पर पदस्थ रहते हुए कानून व्यवस्था बनाते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने का उन्होंने काम किया है। साथ ही पुलिस मुख्यालय में बीते 10 महीनों में सेवाएं देने के बाद वे रामपायली थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ हुये है। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि अपराधों पर रोकथाम करना उनकी प्राथमिकता होगी। दो नवागत टीआई का स्वागत-सत्कार एवं थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले को विदाई देने के दौरान कोतवाली थाना स्टाफ मौजूद रहे।



# किसानों के प्रदर्शन में विधायक और जनपद उपाध्यक्ष के बीच कहासुनी

### समनापुर में चकाजाम धरना प्रदर्शन में मची गहमागहमी, विवाद का वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

खेतों में खड़ी फसल सूखने के कगार पर है जिसे लेकर किसानों का आक्रोश सड़कों पर देखा जा रहा है वारासिवनी में बीते दिनों हुये चकाजाम आंदोलन और किसानों के उग्र प्रदर्शन के बाद अब समनापुर क्षेत्र के किसान फसलों को सिंचाई के लिए नहरों से पानी देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं इसी बीच बुधवार 16 अप्रैल को समनापुर में किसानों ने रास्ते पर टायर जलाकर चक्काजाम करते हुए विरोध दर्ज कराया। धरना प्रदर्शन करते हुए मांग की गई कि सिंचाई के लिये उन्हें कुछ दिनों तक पानी प्रदान किया जाए जिससे कि खेतों में खड़ी फसल जल के भाव में प्रभावित न हो। इसी बीच किसानों का उग्र प्रदर्शन भी देखने को मिला। किसानों की मांग का समर्थन करने के लिये जनप्रतिनिधि भी धरना प्रदर्शन में शामिल हुये। जहां मौके पर परसवाड़ा विधायक मधु भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष योगेश राजा लिल्हारे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन, जल उपभोक्ता संथा अध्यक्ष, पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में अन्य संगठनों के नेता एवं किसान शामिल थे। सड़क पर इस तरह किसानों का उग्र प्रदर्शन देखते हुए पुलिस बल भी पहुंचा था जबकि बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी वैशाली सिंह एवं भरवेली थाना प्रभारी किसानों को समझाईश देने का प्रयास करते रहे।



### विवाद बढ़ता देख अधिकारियों ने किया बीच बचाव

इसी बीच दोनों के बीच हो रही बहस वायरल वीडियो में स्पष्ट सुनाई नहीं दे रही थी जबकि सूत्रों के अनुसार इसके बाद भी यह कहासुनी काफी देर तक चलती रही। मौके पर पहुंचे एसडीएम और सीएसपी ने विवाद को शांत कराने का प्रयास किया बताया गया है कि कुछ देर तक चली कहासुनी के बाद सबकुछ सामान्य हुआ और किसानों ने धरना प्रदर्शन पूरा किया जिसमें विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी किसानों की सिंचाई हेतु पानी दिये जाने की मांग को प्रशासन के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया। वायरल वीडियो में नजर आ रहे विवाद पर विधायक एवं जनपद उपाध्यक्ष के साथ ही किसानों द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है अतः हम भी इस वायरल वीडियो की पुष्टी नहीं करते है।

### धरना प्रदर्शन के बीच अचानक बदला माहौल

धरना प्रदर्शन के दौरान ऐसा कुछ हुआ कि अचानक प्रदर्शनकारी किसानों के बीच ही गहमागहमी मच गई। जिसका वायरल वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित हुआ है। इस वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिये क्षेत्रीय विधायक मधु भगत पहुंचे थे जो खड़े हुये थे उन्होंने बैठे एक व्यक्ति को दूसरी ओर जाकर बैठने के लिये कहा जिसके बाद दूसरी ओर से कुछ आवाज सुनाई दे रही है जिसमें जनपद उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन द्वारा विधायक के बारे में कुछ टिप्पणी की गई जिससे विधायक भगत खासे नाराज हो गये और दोनों के बीच बहस होने लगी। आपसी कहासुनी इतनी बढ़ गई कि किसान भी इस विवाद की वजह से विचलित नजर आये और शोर-शराबा होने लगा।

# बाबासाहेब जयंती के क्रांति रथ को आगे बढ़ाना होगाः पौत्र -डॉ भीमराव अंबेडकर

### महू जन्मभूमि और महाबोधि महाविहार के लिए संघर्ष करेगी भारतीय बौद्ध महासभा

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

हमें डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बनाई गई संस्थाओं को चलाना है, हमें ओबीसी समुदाय को शामिल करते हुए उनकी अंतिम क्रांति को आगे बढ़ाना है। जिस समुदाय को डॉ. बाबासाहेब ने आगे बढ़ाया और ऊपर उठाया, उसे सरकार पीछे ले जा रही है और संविधान ने हमें जो आरक्षण, शिक्षा और नौकरियां दी हैं, उन्हें नष्ट करने का काम कर रही है उक्त विचार व्यक्त करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र, भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी/राष्ट्रीय कार्यध्यक्ष तथा समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. भीमराव य आंबेडकर साहबने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की अंतिम क्रांति के रथ को आगे बढ़ाना होगा। डॉ. बाबासाहेब की 134 वीं जयंती के अवसर पर 13/4/2025 को हरि फाटक, डॉ. बाबासाहेब जन्मभूमि महू में भारतीय बौद्ध महासभा की इंदौर एवं मध्य प्रदेश शाखा द्वारा आयोजित बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब जयंती अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप बाबासाहेब के पौत्र डॉ भीमराव य आंबेडकर साहेब उपस्थित थे, वहीं प्रमुख अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समता सैनिक दल के स्टाफ ऑफिसर एड.एस.के. भंडारे मुंबई,बी एच गायकवाड राष्ट्रीय सचिव मप्र के प्रभारी मुंबई थे जयंती समामरोह की अध्यक्षता मप्र राज्य शाखा द के अध्यक्ष डॉ चरनदास ढ़ेंगरे जी बालाघाट द्वारा की गई थी,राष्ट्रीय उपा.एड. भंडारे ने कहा कि जन्मभूमि को लेकर राजनीति चल रही है और समाज के हित के लिए भारतीय बौद्ध महासभा न्यायालयीन मामले में भाग लेगी तथा सड़कों पर भी संघर्ष करेगी। बोधगया में महाबोधि महाविहार को पूर्णतः बौद्धों को देने के लिए लड़ाई चल रही है, लेकिन सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने विरोध जताया और घोषणा की कि यदि 12 मई (बुद्ध जयंती) तक निर्णय नहीं लिया गया तो महाबोधि विहार की मुक्ति के लिए डॉ. भीमराव यशवत राव अंबेडकर जी के नेतृत्व में बिहार मंत्रालय पर मोर्चा निकाला जाएगा।




# नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

बालाघाट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रह है। 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण व विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी श्री रघुवीर प्रसाद पटेल ने की। जिसमें बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ क्लेम से संबंधित प्रकरणों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों में राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने के निर्देश। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेंद्र मोहन धुर्वे उपस्थित रहे।

# रेडियोग्राफर मौके पर रहीं अनुपस्थित, जारी हुआ शोकॉज नोटिस

**बालाघाट हरिभूमि।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान हाथ की अंगुली कटा रोगी एक्स.रे करवाने के लिए उपस्थित होने पर अस्पताल में पदस्थ रेडियोग्राफर डॉ. सुनीता लाल उपस्थित नहीं पायी गई। जिस कारण से गंभीर रूप से घायल रोगी को अत्यधिक असुविधा हुई। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने ड्यूटी से गायब मिले रेडियोग्राफर डॉ. सुनिता लाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डॉ. उपलप ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार करना है।

# नाली ठीक कराने ग्रामीणों ने की एसडीएम से सचिव की शिकायत

### हिदायत मिलने पर सचिव ने मांगा आठ दिनों का समय

हरिभूमि न्यूज़ लांजी।

जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी के दखनीटोला आवास में पाईप लाईन कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम कमलचंद झूषसहंसार को ग्रामीणों ने पुरानी नाली को ठीक करा देने की गुहार लगाते हुए ग्राम पंचायत के सचिव की जमकर शिकायत की और बताया की लगातार सचिव को समस्या से अवगत कराने के बाद भी निराकरण नहीं किया जा रहा है जिससे नाली में जमा गंदगी से दुर्गंध और सड़ांध के कारण वार्डवासियों का जीना मुहाल हो चुका है। जिसके बाद एसडीएम ने ग्रामीणों के साथ ही तत्काल ही दखनीटोला आवास के वार्ड का भी निरीक्षण किया और सचिव से इस संबंध में जवाब तलब किया। वहीं ग्रामीणों द्वारा शिकायत किये जाने और एसडीएम से हिदायत मिलने के बाद सचिव द्वारा आठ दिनों के भीतर उक्त समस्या के समाधान की बात कही। उल्लेखनीय है की ग्राम बिसोनी के दखनीटोला आवास में कुछ दिनो पूर्व ही सीसी नाली निर्माण कार्य किया गया है जिससे उक्त वार्ड में पुरानी नाली में नई नाली का पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। चूंकि जो नई नाली बनाई गई है उसकी गहराई ज्यादा होने के कारण पुरानी नाली में नई नाली का पानी नहीं जाने के कारण नाली में पूरे वार्ड की गंदगी और कचरा जमा हो गया है जिसके कारण उससे दुर्गंध और सड़ांध से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। जिसके बाद परेशान होकर ग्रामीणों ने भी मौका देखकर एसडीएम को उक्त समस्या से अवगत कराया। वहीं एसडीएम ने भी ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए तुरंत निरीक्षण किया और ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल समस्या का समाधान करने की हिदायत दी।



# किरनापुर में मनाया जनपद पंचायत अध्यक्ष का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज़ किरनापुर।

जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता जनपदपंचायत उपाध्यक्ष सम्माननीय भुवन भाऊ रंहांगडाले व जनपद सदस्य मुकेश सिंह चौहान ,निर्माण सभापति योगराज भास्कर , सीईओ मनीष शेण्डे के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन कर जनपद पंचायत के अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया. सभी कार्यकर्ताओं ने केक काट कर एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनायी. कार्यक्रम स्थल से ही अध्यक्ष राणा को उनके जन्म दिन पर उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी. इस मौके पर भाजपा नेता भुवन भाऊ रंहांगडाले ने कहा कि जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह के रहते हुए इस जनपद क्षेत्र के हित में अनेक काम किये हैं. विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं. उनको भगवान लंबी उम्र दें और वो क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करें. मौके पर बस एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान व जनपद पंचायत सदस्य, हरीश लिल्हारे, किशोर चौधरी, श्रीमती विनीता शेण्डे ,आरके सोनी ए ए ओ, पवन बिसेन, नंदू बेंद्रे, अमित बिसेन ,मयूर हरिनखेड़े, पंचायती राज ,कैलाश कुथे कंप्यूटर ऑपरेटर, श्रीमती दुर्गेश तिवारी एसपीओ ,सविता भलावी ए ए ओ ,डी टी झोडे उप यंत्री, दिनेश लिल्लारे ,कैलाश कछवाहा, श्रीमती माधुरी लता वैध कंप्यूटर ऑपरेटर, भारती रंहागडाले सहायक ग्रेड 3 ,पर्वता बिसेन ,विनीता वासनिक उप यंत्री, और भी अन्य सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए जनपद पंचायत के सीईओ मनीष शेण्डे व समस्त विभागों मौजूद रहा।



# चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी के साथ सख्ती से होगी कार्यवाही - कलेक्टर



### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने जिले की चिन्हित चेक पॉइंट को लेकर खनिज निरीक्षकों एवं परिवहन विभाग से चर्चा की। कलेक्टर श्री मीना ने अवैध परिवहन में की जा रही कार्यवाही को लेकर संबंधित अधिकारियों से अपडेट जानकारी ली। खनिज निरीक्षक द्वारा बताया गया कि जनवरी से अवैध खनन के मामले में कार्यवाही जारी है जिसमे जनवरी से अब तक 43 प्रकरण अवैध रेत परिवहन के दर्ज है। वहीं वर्तमान माह में 25 प्रकरण दर्ज किए गए है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी खनिज निरीक्षकों से सख्ती के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध परिवहन के प्रकरण बढ़ते जा रहे है। सभी चेक पोस्ट में सख्ती से चेकिंग करना होगा। वहीं फॉरेस्ट के रास्ते से किये जा रहे अवैध परिवहन पर भी निगरानी रख कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

### नपा व पंचायतों को जारी होगा एसओपी

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक के दौरान खनिज निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे नगर पालिका व पंचायतों को एसओपी जारी करें। जिससे कार्य मे पारदर्शिता के साथ बेहतर समन्वय बनाकर एक ठोस कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा सकें। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गड़पाल, एसडीओ फारेस्ट विनीता, शिवम पूरी, खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, मुकेश वाडिवे, सुरेश कुलस्ते मौजूद रहे।

# जल संकट को लेकर पठार अंचल में मचा त्राहिमाम



हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।

बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया है, इस बीच जिले की लगभग सभी तहसीलों से पानी को लेकर आंदोलन की खबरें लगातार सामने आ रही है, किसान फसलों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से परेशान है तो वहीं महिलाएं पीने का पानी जुटाने में होने वाली परेशानियों से हर दिन दो.चार हो रही है, इस बीच दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध का पानी बावनथड़ी नदी में छोडऩे की मांग को लेकर विधानसभा क्षेत्र कटंगी की पठार संघर्ष समिति के नेतृत्व में पठार अंचल के करीब आधा दर्जन ग्रामीणों और पठार संघर्ष समिति संयोजक आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है, गुलाब पुष्पतोड़े, तेजराम गोपाले, होलु कहालकर और अन्य ग्रामीणों के साथ उन्होंने शाम 4 बजे ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही बावनथड़ी नदी में पानी छोडऩे की मांग की है.

## पठार संघर्ष समिति ने की बावनथड़ी नदी में जलाशय से पानी दिये जाने की मांग

### जलाशय से बावनथड़ी नदी में भेजा जाये पानी

पठार संघर्ष समिति पदाधिकारी मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दोनों ही राज्यों की करीब दर्जनभर से अधिक ग्राम पंचायतों के सरपंचों के तरफ से जारी मांग पत्र लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, इस मांग पत्र में सरपंचों ने बांध का पानी बावनथड़ी नदी में छोडऩे की मांग की, पठार संघर्ष समिति ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि अगर, बांध का पानी नदी में नहीं छोड़ा गया तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा, ज्ञापन सौंपने आए ग्रामीणों ने बताया कि हर साल बांध का पानी नदी में छोड़ा जाता था लेकिन इस वर्ष अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है, नदी में पानी नहीं छोड़े जाने से नदी किनारे बसे करीब 20 से 25 गांवों का भू.जल स्तर काफी तेजी से नीचे चला गया है, जिससे ना सिर्फ फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है बल्कि ग्राम पंचायतों में नल.जल योजना भी दम तोड़ रही है.

### गांवों का बुरा हाल, नल-जल योजना तोड़ रही दम-गुलाब

गुलाब पुष्पतोड़े ने बताया कि पठार अंचल में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है, गांव में नल.जल योजना लगभग दम तोड़ रही है, ग्रामीण दूर.दराज से पानी लाने के लिए मजबूर है और यह स्थिति केवल मध्य प्रदेश के गांवों की नहीं है बल्कि महाराष्ट्र के गांवों का भी बहुत बुरा हाल है, उन्होंने बताया कि पठार अंचल में सर्वाधिक गन्ने की फसल का उत्पादन किया जाता है अभी गन्ना उत्पादन किसानों ने गन्ने की फसल लगाई है जिसे पानी की नितांत आवश्यकता है, विभाग के अधिकारियों को इस पठार अंचल की हालत से कई बार वाकिफ करवाया गया है लेकिन वह कोई ध्यान नहीं दे रहे है, जिस कारण कलेक्टर से ही मांग की जा रही है कि वह बांध का पानी नदी में छोडऩे के लिए निर्देशित करें.



### पानी की समस्या ने ले लिया विकराल रूप-तेजराम

शंकर पिपरिया निवासी समाजसेवी तेजराम गोपाले ने बताया कि बावनथड़ी नदी के किनारे सूख चुके है, गांव में पीने के पानी का संकट बन गया है, महिलाएं दूर.दराज से पीने का पानी जुटा रही है, गांव में जो गन्ने की फसल लगी थी उस पर भी संकट मंडरा रहा है, प्रतिवर्ष राजीव सागर बांध से बावनथड़ी नदी में पानी छोड़ा जाता था जिससे भू.जल स्तर बना रहता था लेकिन इस वर्ष अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है जिससे पानी की समस्या ने विकराल रुप ले लिया है, ग्राम पंचायत मोवाड़ सरपंच प्रतिनिधि होलु कहालकर ने बताया कि गांव में नल.जल योजना करीब डेढ़ माह से बंद पड़ी है, वह कहते है कि फसलों को छोड़ भी दीजिए अभी अन्न की व्यवस्था तो हो जाएगी लेकिन पीने के पानी को लेकर जो हालात बने है उससे निपटने की सख्त जरूरत है।

### यह गांव हो रहे प्रभावित

बावनथडी के सूखने से पठार अंचल के ग्राम भोंडकी, बड़पानी, महकेपार, मासुलखापा, कोडबी, दिग्धा, आंजनबिहरी, बम्हनी, बोनकट्टा, हरदोली, पुलपुट्टा, हरीटोला, हेटी, छतेरा, चंद्रकुआ, टुईयापार, टेकाडी, चिचोली, शंकर पिपरिया, डोंगरिया, मोवाड़ और महाराष्ट्र के चांदमारा, लोभी, डोंगरी बुजुर्ग, आष्टी, नाकाडोंगरी, पाथरी, बावनथड़ी, धुटेरा, सक्करधरा, कवलेवाडा, घानोड, सोंडिया, महेगांव, बपेरा, महालगांव, टेमनी, गोबरवाही, वारपिंडकेपार, सितासांवगी, चिखला माईन, राजापुर में पेयजल योजना और सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है।